प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.09.2024 (संध्या 1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमशेदपुर में छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना, 660 करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण, रखेंगे आधारशिला।**
2. **श्री मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के बीस हजार लाभुकों को प्रदान करेंगे आवास का स्वीकृति पत्र।**
3. **बरकट्टा के निर्दलीय विधायक अमित यादव और पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल।**
4. **रांची समेत प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हो रही है झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और गुमला समेत राज्य के अन्य जिलों में भारी बारिश होने की जारी की चेतावनी।**

और

5. **रांची समेत राज्य भर में आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है प्रकृति पर्व करम, दिख रही है पारंपरिक संस्कृति की झलक।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमशेदपुर में छह वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें टाटानगर–पटना, वाराणसी–देवघर, टाटानगर–ब्रह्मपुर, हावड़ा–धनबाद–गया, हावड़ा–दुमका–भागलपुर और हावड़ा–टाटानगर–राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रांची में बताया कि इन रेलगाड़ियों का उद्‌घाटन टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक भव्य समारोह में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के बीस हजार गरीब लोगों को आवास भी प्रदान किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धीमी गति से काम किया गया, जिस कारण लाभुकों की संख्या कम रही।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमशेदपुर में 660 करोड़ रूपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी के दौरे को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे जमशेदपुर संवाददाता –

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमशेदपुर से हजारीबाग में बनने वाले रेल कोचिंग कॉम्प्लेक्स का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि लगभग 41 करोड़ रुपए से यह कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार होगा।

****

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी भाषा ने देश को एकजुट करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भाषाओं में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आज नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सभी भाषाओं को मजबूत करने से ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा।

****

हजारीबाग स्थित बरकट्टा के निर्दलीय विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा और सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक नवनीत हेम्ब्रम ने आज प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण ली। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इन तीनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

****

रांची समेत राज्य के अधिकतर इलाकों में झमाझम बारिश जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में राजधानी रांची समेत खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और गुमला समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है।

****

रांची समेत राज्य भर में आज प्रकृति पर्व करम श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान पारंपरिक संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है।

इस बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

****

राज्य में भेड़ियों के व्यवहार और उनके संरक्षण पर शोध किया जा रहा है। और अधिक ब्योरे के साथ हमारे पलामू संवाददाता